# शिवमहापुराण कथा में पहुंचीं राज्यपाल

## रायबरेली में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और एमपी के डिप्टी सीएम भी शामिल, लाखों शिवभक्त उमड़े

आयोजन

तमसा संकेत, एजेंसी

**रायबरेली।** रायबरेली के ऊंचाहार में शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन सोमवार को लाखों श्रद्धालु पहुंचे। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से कथा सुनने के लिए आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग आए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, साथ ही मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के पहुंचने से इस धार्मिक आयोजन का राजनीतिक महत्व बढ़ गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कारों पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की नींव है। सनातन परंपराएं जीवन को सही दिशा देती हैं।

मंच से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कैबिनेट मंत्री और ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मनोज पांडेय को वरिष्ठ और अनुभवी नेता बताया। पंकज चौधरी ने कहा कि इतने बड़े आयोजन के पीछे उनकी क्षेत्र से आत्मीयता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने यह भी कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी मनोज पांडेय पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।



इसके बाद कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि शिवभक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। यह जीवन को सेवा और सदाचार से जोड़ने का रास्ता है। कथा के दौरान पूरा पंडाल शिवभक्ति के जयघोष से गूंज उठा।

### मौजूद रहे बीजेपी के कई पदाधिकारी

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह तैयार रहा। पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा, पार्किंग और ट्रैफिक कंट्रोल के लिए कड़े इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर राज्यमंत्री राकेश राठौर, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, लखनऊ महापौर सुषमा खरकवाल, एमएलसी रमा निरंजन, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। इनके साथ विधायक आशा मौर्या, ज्ञान तिवारी, रामकृष्ण भार्गव, प्रेम नारायण पांडेय, प्रभात वर्मा, निर्मल वर्मा और ज्ञानेंद्र सिंह समेत कई बड़े जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# ट्रांसपोर्ट यूनियन ने माइन-मित्रा ऐप न चलने की शिकायत की

## अधिकारियों से मिलकर समाधान मांगा

तमसा संकेत, एजेंसी

**रायबरेली।** रायबरेली में ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी आज भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग (खनन अनुभाग) परिसर पहुंचे। यूनियन के उपाध्यक्ष मनीष पांडे के नेतृत्व में सदस्यों ने अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों को माइन मित्रा ऐप चलाने में आ रही दिक्कतों पर चर्चा की।

मुलाकात के दौरान यूनियन उपाध्यक्ष मनीष पांडे ने बताया कि विभाग का ऐप ठीक से नहीं चल रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी परेशानी हो रही है। तकनीकी खराबी के कारण काम पर असर पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि इन दिक्कतों को समय पर दूर करने के लिए विभाग का सहयोग जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि ट्रांसपोर्टरों के फायदे को ध्यान में रखते हुए प्रक्रियाओं को आसान बनाया जाए।



■ तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगा

अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को ध्यान से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। साथ ही, नियमों के हिसाब से दिक्कतों का समाधान भी होगा। अधिकारियों ने ट्रांसपोर्टरों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर यूनियन के कई और पदाधिकारी और वाहन मालिक भी मौजूद थे।

फास्ट न्यूज

### घाघरा के कटान में मंदिर-मस्जिद पर संकट

**बाराबंकी।** बाराबंकी के हेतमापुर में घाघरा नदी का तेज बहाव अब करीब 1100 साल पुरानी बाबा नारायण दास की तपोस्थली और 150 साल पुरानी 'मस्जिदे उमर' तक पहुंच गया है। कटान के खतरे के बीच गांव के हिंदू और मुस्लिम एक साथ खड़े हैं। मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग दुआ कर रहे हैं कि मंदिर भी सुरक्षित रहे, जबकि हिंदू ग्रामीण मंदिर में प्रार्थना कर मस्जिद और पूरे गांव की सलामती मांग रहे हैं। घाघरा की धार इतनी तेज है कि गांव का दूरसंचार केंद्र और करीब 20 पक्के मकान नदी में समा चुके हैं।

### नहर में डूबकर मौत

**उन्नाव।** उन्नाव के पुरवा थाना क्षेत्र के बछौरा गांव में रविवार देर शाम एक मजदूर की नहर में डूबने से मौत हो गई। 45 वर्षीय मजदूर का नहर किनारे से गुजरते समय पैर फिसल गया था। उन्हें बचाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी दी। मृतक की पहचान बछौरा निवासी राकेश (45) पुत्र स्व. राम आसरे के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि राकेश मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। रविवार देर शाम वह गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक स्कूल के पास नहर की ओर गए थे। वहीं अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गए।

### अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी

डीएम घनश्याम मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने शिकायतों के निपटारे के बाद फरियादियों की संतुष्टि का स्तर कम मिलने पर अधिकारियों पर नाराजगी जताई। डीएम ने साफ कहा कि सिर्फ शिकायत का निपटारा कर देना काफी नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही के कारण जिले की रैंकिंग पर असर पड़ा तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारी पूरी

रणनीति

## अब्दुल हन्नान बोले- बूथ स्तर तक संगठन होगा मजबूत

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी में कांग्रेस ने आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार 3:00 बजे को सांसद तनुज पुनिया के घर पर कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पार्टी ने संगठन और चुनाव की रणनीति को लेकर अपना रुख साफ किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और अवध क्षेत्र के सह-प्रभारी अब्दुल हन्नान, वरिष्ठ नेता डॉ. पीएल पुनिया और सांसद तनुज पुनिया मौजूद थे।

अब्दुल हन्नान ने बताया कि कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम लगातार चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिले में न्याय पंचायत स्तर तक सभी अध्यक्षों को नियुक्त किया जा चुका है। साथ ही, करीब 80 प्रतिशत बूथ कमेटियां भी बन चुकी हैं।





हन्नान ने कहा कि संगठन की मजबूती का असर 2024 के लोकसभा चुनाव में भी दिखा था। बाराबंकी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया बड़े अंतर से जीते थे। उन्होंने बताया कि पार्टी अब इसी मजबूत संगठन के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगी है।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कितनी सीटों पर लड़ेगी, इस सवाल पर अब्दुल हन्नान ने कहा कि अभी चुनाव में समय है। उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर आखिरी फैसला पार्टी का बड़ा नेतृत्व करेगा।

उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस सम्मानजनक सीटों पर चुनाव लड़ेगी और संगठन इसके लिए तैयार है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने बताया कि पार्टी का ध्यान संगठन को और मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता से लगातार जुड़ने पर है। कांग्रेस नेताओं के बयानों से यह साफ है कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से अपनी चुनावी जमीन मजबूत करने में लगी है।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप 8वीं मंडल स्तरीय में खिलाड़ियों का दमखम

## गोरखपुर और शिव राम इंटर कॉलेज दूसरे-तीसरे स्थान पर

तमसा संकेत, एजेंसी

**बाराबंकी।** बाराबंकी शहर के पलहरी बाईपास, जैदपुर रोड स्थित आवासीय शिव राम सिंह इंटर कॉलेज में 8वीं मंडल स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप हुई। इसका आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बाराबंकी ने सोमवार दोपहर 2 बजे किया। प्रतियोगिता में अलग-अलग टीमों के खिलाड़ियों ने जोश के साथ हिस्सा लिया और अच्छा खेल दिखाया।

चैंपियनशिप का उद्घाटन समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह यादव ने किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधक पूनम सिंह यादव, शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव और ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बाराबंकी के अध्यक्ष मनोज मिश्रा 'विद्रोही' मौजूद थे। रिलायंस ग्रुप ऑफ कंपनीज बाराबंकी यूनिट के वरिष्ठ कर्मचारी उदय राज यादव और अंगद समेत कई दूसरे मेहमान भी वहां उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में विद्या ताइक्वांडो अकादमी बाराबंकी, इमरान गोरखपुर ताइक्वांडो अकादमी और आवासीय शिव राम सिंह इंटर कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। विद्या ताइक्वांडो अकादमी बाराबंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इमरान गोरखपुर ताइक्वांडो अकादमी दूसरे और शिव राम सिंह इंटर कॉलेज की टीम तीसरे नंबर पर रही।

■ विद्या ताइक्वांडो अकादमी ने पहला स्थान जीता

समापन पर मेहमानों ने जीतने वाले और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था।

कार्यक्रम में बाराबंकी की ताइक्वांडो कोच प्राची यादव, कोच इमरान अली, कोच अक्षय कुमार, नेशनल रेफरी मनीष दत्त, अनमोल बाजपेई, नेहा वर्मा, साक्षी वर्मा, जुबेर अहमद और हॉस्टल इंचार्ज आलोक पांडे जैसे कई लोग मौजूद थे।

# आजाद समाज पार्टी का उन्नाव में प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

**उन्नाव।** उन्नाव में सोमवार दोपहर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क, तिकोनिया पार्क के पास धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर बाराबंकी में हुए कथित हमले और गोंडा में पार्टी कार्यकर्ता विनोद साहनी की पुलिस हिरासत में मौत के विरोध में प्रदर्शन किया।

उन्होंने दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

आजाद समाज पार्टी के उन्नाव जिलाध्यक्ष एडवोकेट जतिन चौधरी ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद गोंडा में पुलिस हिरासत में मारे गए कार्यकर्ता विनोद साहनी के परिवार से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान बाराबंकी के रावनगर थाना क्षेत्र के पास कुछ लोगों ने उनके काफिले पर पथराव कर हमला किया। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि घटना के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन हमलावरों को रोकने या उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया।



■ चंद्रशेखर आजाद पर हमले और कार्यकर्ता की हिरासत में मौत का विरोध

# हरियाली तीज : अटल घाट पर उमड़ी हजारों महिलाएं

कामना

## उन्नाव में गंगा में डुबकी लगाकर की सुख-समृद्धि की कामना

तमसा संकेत, एजेंसी

**उन्नाव।** उन्नाव के शुक्लागंज स्थित अटल घाट पर हरियाली तीज के मौके पर सोमवार शाम आस्था का माहौल दिखा। शाम करीब छह बजे बड़ी संख्या में महिलाएं गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचीं। देखते ही देखते अटल घाट पर हजारों महिलाओं की भीड़ जुट गई। इन महिलाओं ने गंगा में डुबकी लगाने के बाद पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि व पति की लंबी उम्र की कामना की।

हरियाली तीज को लेकर सुबह से ही महिलाओं में काफी उत्साह था। शाम होते-होते शुक्लागंज और आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाकों से महिलाएं समूह में अटल घाट पहुंचने लगीं। कई महिलाएं सज-धजकर हाथों में पूजा की थाली और सामग्री लेकर घाट पर पहुंचीं। घाट पर पहुंचकर महिलाओं ने पहले गंगा स्नान किया। इसके बाद गंगा किनारे पूजा-अर्चना कर तीज माता को याद किया। अटल घाट पर हजारों महिलाओं की मौजूदगी से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने पूजा के दौरान दीप जलाए और गंगा मैया की आरती कर सुख-शांति मांगी। कई महिलाओं ने मिलकर तीज के गीत भी गाए। घाट पर महिलाओं की भीड़ बढ़ने से आसपास के इलाके में काफी चहल-पहल रही। गंगा स्नान के बाद महिलाएं पूजा की थाली लेकर घाट के किनारे बैठीं और पारंपरिक तरीके से पूजा की।





महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए थे। घाट पर पुलिसकर्मी तैनात थे। भीड़ को कंट्रोल करने और महिलाओं की सुरक्षा पर खास ध्यान रखा गया। गंगा में स्नान के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस और स्थानीय स्तर पर निगरानी की गई। महिलाओं को गहरे पानी में जाने से भी रोका गया।

हरियाली तीज के मौके पर अटल घाट के अलावा शुक्लागंज के दूसरे गंगा घाटों पर भी महिलाओं ने स्नान और पूजा-अर्चना की। शाम तक घाटों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक थी। महिलाओं ने पूजा का सामान, मेहंदी और दूसरी चीजें खरीदीं।

**हत्यारोपी बोला: पुलिस ने कहा था, मार दो, मैंने मार दिया ■ बोला- पत्नी से जबरन मिलने आया था**

# रायबरेली में प्रधान के बेटे की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

**रायबरेली।** 'वकील को फोन करो, मैंने इसे मार दिया है। थाने में तीन बार शिकायत दी थी। पुलिस ने कहा था नहीं माने तो मार दो, मैंने मार दिया।'

रायबरेली में प्रधान के बेटे की हत्या के बाद आरोपी का यह बयान सामने आया है। शनिवार को उसने पत्नी के साथ मिलकर प्रधान के बेटे की हत्या कर दी थी। रविवार देर शाम हत्या के तुरंत बाद का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि प्रधान के बेटे की खून से लथपथ लाश सड़क पर पड़ी हुई है। आरोपी का कहना है कि प्रधान का बेटा उसकी पत्नी को परेशान करता था।

कई बार मना करने के बावजूद वह शनिवार को फिर कार से पत्नी से जबरन मिलने आ गया। उसे वापस जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। विवाद हुआ और आरोपी ने पत्नी के साथ मिलकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना जिला मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर खैरहनी गांव की है।






खैरहनी गांव का रहने वाला सुरेंद्र सेल्समैन का काम करता था। वह पत्नी सोनी और बच्चों के साथ गांव में रहता है। सोनी की सुरेंद्र से यह दूसरी शादी है। सोनी की पहली शादी 2010 में छतैया गांव के अमित से हुई थी। सोनी और अमित के एक बेटा और एक बेटी है।

इसी दौरान, सोनी की मुलाकात प्रधान गणेश प्रसाद के बेटे रमाकांत (35) से हुई। दोनों के बीच अफेयर हो गया। अमित को जब सोनी के अफेयर का पता चला तो शादी के 7 साल बाद उससे तलाक ले लिया। बेटा अमित के साथ रहने लगा, जबकि बेटी सोनी के साथ मायके बछरावां चली गई।

2017 में सोनी ने सुरेंद्र से दूसरी शादी कर ली। दोनों का एक बेटा है। सोनी का कहना है कि शादी के बाद भी रमाकांत उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था। वह अक्सर उससे मिलने ससुराल पहुंच जाता था। कई बार मना करने के बाद भी वह नहीं माना। सोनी ने बछरावां थाने में उसके खिलाफ शिकायत भी की थी।

### बेटे की लाश देखकर पिता फूट-फूटकर रोए...

सूचना पर पहुंचे रमाकांत के पिता बेटे का शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को हिरासत में लिया। रविवार को सुरेंद्र, उसके भाई वीरेंद्र और सोनी को जेल भेज दिया गया।

सोनी ने बताया- शनिवार दोपहर 1:30 बजे रमाकांत स्विफ्ट डिजायर कार से खैरहनी पहुंचा। घर से 200 मीटर पहले अपनी कार खड़ी कर दी। मैं, पति सुरेंद्र और देवर वीरेंद्र वहां पहुंच गए।

सुरेंद्र ने रमाकांत को घर आने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। विवाद बढ़ा तो दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान वीरेंद्र को भी चोट लग गई। भाई को चोट लगने के बाद सुरेंद्र भड़क गया। उसने ईंट से रमाकांत के सिर पर हमला कर दिया। इसमें रमाकांत गंभीर घायल हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

# हरदोई में चोरी के शक में विवाद के बाद वृद्धा की मौत

## सांडी पुलिस जांच में जुटी, परिजनों ने लगाए आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

**हरदोई।** हरदोई जनपद के सांडी थाना क्षेत्र के नीभापुर गांव में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि करीब एक महीने पहले पड़ोसी से हुए विवाद और हाथापाई में आई चोटों से महिला की जान गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की मौत सोमवार की सुबह करीब 9 बजे हुई। दोपहर करीब 2:30 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया

मृतका के पुत्र सतीश ने बताया कि 12 अगस्त को चोरी के शक में पड़ोसी से उनकी तीखी बहस हुई थी। उनका दावा है कि इस विवाद के दौरान 62 साल की कटोरी देवी के साथ हाथापाई की गई थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं।



घटना के बाद से ही कटोरी देवी की तबीयत खराब थी और उनका घर पर ही इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह अचानक उनकी हालत ज्यादा बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस लगाए गए आरोपों की जांच जा रही है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। रिपोर्ट और सबूतों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

